# भा.वा.अ.शि.प-वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयंबत्तूर

# "ई.ऑफिस में हिन्दी टिप्पण लेखन" विषय पर आयोजित प्रशिक्षण रिपोर्ट

# 24-25 अप्रैल 2025

भा.वा.अ.शि.प-वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बत्तूर में राजभाषा के कार्यान्वयन में प्रगति पाने एवं हिन्दी पत्राचार और टिप्पणी लेखन हेतु राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति के लिये प्रतिवर्ष अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में 24-25 अप्रैल 2025 **"ई.ऑफिस में हिन्दी टिप्पण लेखन"** विषय पर **दो दिवसीय** प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन किया गया। श्रीमती के. शांति, मुख्य तकनीकी अधिकारी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य के द्वारा सभी का स्वागत करते हुए इस प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। संस्थान के विभिन्न विभागों से करीब 20 कर्मचारियों ने इस प्रशिक्षण में भाग लिया। कंप्यूटर के माध्यम से व्यावहारिक रूप से यह प्रशिक्षण दी गई। श्रीमती पूंगोदै कृष्णन, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने **"ई.ऑफिस में हिन्दी टिप्पण लेखन"** पर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। उन्होने ई-ऑफिस में हिन्दी टंकण करने के तरीके एवं ई-ऑफिस में दिये गए सामान्य टिप्पणियों का उपयोग किस तरह से करें आदि विषय पर विस्तार से समझाया। उसके बाद कर्मचारियों ने अपने ई-ऑफिस में हिन्दी में टंकण कर टिप्पणियों का प्रयोग करना सीखा। अंतिम सत्र में सभी कर्मचारियों ने ई-ऑफिस में हिन्दी टंकण करते समय व्यावहारिक रूप से आने वाले समस्याएं एवं समाधान पर चर्चा की गई और सभी ने इस संबंध में अपने-अपने सुझाव भी दिये। अंत में श्रीमती आर.जी.अनीता, तकनीकी अधिकारी एवं राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सदस्य ने धन्यवाद प्रस्ताव कर इस कार्यक्रम का समापन किया।

# <u>प्रशिक्षण के कुछ चित्र</u>












